## खबर संक्षेप

### पशु पक्षियों की प्यास बुझाने लोगो ने रखवाए सकोरे और नाद

**शहडोल हरिभूमि न्यूज ।** गर्मी के मौसम में जहाँ मनुष्य पानी की कमी से जूझता है, वहीं बेजुबान पक्षियों के लिए भी यह समय अत्यंत कठिन होता है। इसी संवेदनशीलता को समझते हुए शहर के जागरूक नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर मिट्टी के सकोरे (पानी के बर्तन) रखकर पक्षियों की प्यास बुझाने का कार्य शुरू किया है। संभागीय मुख्यालय के जगन्नाथ मंदिर , रेलवे कॉलोनी , गायत्री मंदिर , डॉक्टर कॉलोनी , सोहागपुर प्राथमिक विद्यालय , बाणगंगा , निगम कॉलोनी , पांडव नगर में सकोरे एवं नाद रखवाए गए।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्य



**शहडोल हरिभूमि न्यूज ।** आओ बचाएं जल, करें सुरक्षित कल पानी बचाओ कल के लिये पानी की बर्बादी जीवन की बर्बादी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण हेतु जन भागीदारी, जनप्रतिनिधियों जन अभियान परिषद के सदस्यों, समाजसेवी व अन्य लोगों के सहयोग से जल संग्रहण संरचनाओं के जीर्णोद्धार, नदी नालों की सफाई, बोरी बंधान तालाबों का गहरीकरण जैसे अन्य कार्य निरंतर किये जा रहे है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम सिंहपुर, मैकी में नवीन खेत तालाब निर्माण कार्य, जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत देवगण में लघु तालाब निर्माण कार्य जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किया गया।

### मौसम ने बदली अचानक करवट



**शहडोल हरिभूमि न्यूज ।** जिले में लोग शनिवार की सुबह गर्मी से बेहाल थे, लेकिन दोपहर में अचानक मौसम ने करवट लिया। करीब एक बजे के आस-पास आसमान में घने बादल छाने लगे, जो कुछ ही समय में बूंदाबांदी में बदल गए। इसके बाद तेज बारिश और ओलावृष्टि ने लोगों का जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया। आधे घंटे से अधिक समय तक चलने वाली बारिश ने जहां गर्मी से राहत पहुंचाई, वहीं किसानों की चिंता को एक बार फिर बढ़ा दिया। तो वहीं आकाशीय बिजली गिरने से बालिका की मौत हो गई।
कृषि वैज्ञानिक डॉ. मृगेंद्र सिंह ने इस मौसम परिवर्तन पर चिंता जताते हुए कहा कि इस प्रकार की तेज बारिश और ओलावृष्टि आम की फसल के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकती है। किसानों को सतर्क रहना चाहिए और अपनी फसलों का ध्यान रखना चाहिए। उनका कहना है कि अगर इसी तरह का मौसम बना रहा, तो कृषि उत्पादन पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

### आकाशीय बिजली गिरने से बच्ची की मौत

**शहडोल हरिभूमि न्यूज ।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरिया गांव में आकाशीय बिजली गिरने से 12 वर्षीय नंदिनी बैगा की मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार, नंदिनी अपने नाना-नानी के घर पर रह रही थी। जब बारिश शुरू हुई, तब वह घर के बाहर सूख रहे कपड़ों को उठाने गई, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गांव के पंच ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा, यह बेहद दुखदाई है। हमें सावधान रहना चाहिए, खासकर इस मौसम में। बच्चों को बाहर जाने से रोकना चाहिए।

### झूला पुल पुलिस लाइन रोड रखरखाव बिना अस्तित्व खो रही

# अंतर्मुखी अफसर, कर्तव्य विमुख जनप्रतिनिधि, जर्जर सड़क कैसे सुधरे





**हरिभूमि न्यूज, शहडोल ।** लोकतंत्र में नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था का दायित्व उठाने वाले नगरीय निकाय अब अपना दायित्व भूलकर केवल अलाली और भ्रष्ट गतिविधियों का अड्डा बन चुके हैं। यही नहीं व्यवस्थाओं की मॉनीटरिंग करने वाले प्रशासनिक अधिकारी भी कर्तव्यविमुख हो चुके हैं। उनकी कार्यशैली भी लोकोन्मुखी होने की बजाय अंतर्मुखी सी हो चुकी है। जनता को अब न तो सुविधा मिल रही है और न उसके साथ कहीं न्याय हो रहा है। जनता उपेक्षा की मार झेल रही है और दूसरी ओर जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी केवल अपना उल्लू सीधा करने में व्यस्त हैं। झूला पुल से लेकर पुलिस लाइन की ओर जाने वाली एक जर्जर सडक़ का ही मामला देखा जा सकता है, जोखिम भरे इस सार्वजनिक स्थल से अफसर, नेता, जनप्रतिनिधि सब गुजरते हैं, सभी हिचकोले खाते हैं लेकिन इसके बावजूद इसकी ओर किसी की नजर नहीं पड़ रही है। ऐसा शायद इसलिए है कि जनता जनप्रतिनिधियों की बंधुआ बन चुकी है जो उन्हे वोट देने को विवश रहती है, दूसरी ओर प्रशासक, गवर्नर का नुमाइंदा ही होता है वह अपने इलाके का मानो गर्वनर ही होता है उसके कहने ही क्या? ऐसी स्थिति में एक सडक़ तो क्या पूरा शहर भी जमीदोज हो जाए तो भी कोई सवाल जवाब नहीं हो सकता। जिम्मेदारी तय करने और दण्ड देने की परंपरा अब शायद समाप्त हो चुकी है।

#### वर्षों से दे रहे टेण्डर का झांसा

जब भी गायत्री मंदिर रोड की चर्चा चलती है संभाग मुख्यालय की नगरपालिका केवल एक ही रट लगाती है कि टेण्डर हो रहा है बस महीने दो महीने में बनने वाली है, एक बार तो यह भी कह दिया था कि इस सडक़ का नवीनीकरण होना है सडक़ कुछ चौड़ी की जाएगी। इन सबके लिए टेण्डर दिया जा रहा है। बहुत जल्द ही सडक़ का बजट भी बता दिया जाएगा। फिलहाल आवाजाही की सुविधा के लिए बीच बीच में सडक़ के गहरे गड्ढों की भराई करा दी जाती है। हालांकि पूर्व कमिश नर कई बार सडक़ों की मरम्मत के निर्देश दे चुके थे लेकिन नगरपालिका ने गिट्टी चूरा डालकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली थी। नगरपालिका की अपनी विडम्बना है, सीएमओ कभी कार्यालय में बैठते नहीं, चेयरमैन से कोई खास मतलब नहीं, हैरानी की बात तो यह है कि 39 वार्डों की नगरपालिका का संचालन अव्यवस्थाओं के बीच हो रहा है और कहीं से कोई विरोध के स्वर नहीं उभर रहे हैं।

#### हाईमास्ट बंद पड़ा है

झूला पुल पर लगा हाई मास्ट विद्युत सिस्टम भी एक अर्से से बंद पड़ा है लेकिन उसमें सुधार नहीं हो रहा है, नगरपालिका को यह देखने की फुर्सत नहीं कि नगर में कितने हाईमास्ट लगे हैं और उनमे से कितने जिंदा हैं और कितने दम तोड़ चुके हैं अब केवल उनका ढांचा ही खड़ा है। रात के समय आने जाने वालों को उजाले की कोई सुविधा नहीं मिल पाती है। लोगों को रोशनी मिले इसके लिए लाखों रुपए व्यय कर हाईमास्ट की सुविधा प्रदान की गई थी लेकिन अब नगरपालिका के निकम्मेपन से यह सब बंद पड़े हैं, बताते हैं कि इनकी मरम्मत के नाम पर हर माह बिल निकाला जाता है लेकिन इनकी मरम्मत कभी नहीं कराई जाती है।

#### अतिक्रमण भी नहीं हटा

इस मार्ग पर लोगों ने अतिक्रमण भी कर रखा है, घरों के सामने पक्का निर्माण करा लिया है, सीमेंटेड फर्श भी बनवा लिया गया है। इन्ही के वाहन खड़े रहते हैं। जगह जगह बरसाती पानी का भराव होता है। घरों का पानी भी सडक़ों पर भरा रहता है। लोगों ने नाली के ऊपर भी पक्का निर्माण करवा लिया है नालियां तक साफ नहीं हो पा रहीं हैं। गंदगी के मारे यहां सड़ांध उठती रहती है, जबकि यहां आसपास संभ्रात लोगों की बस्ती है, बड़े व्यापारी, डाक्टर इसी सडक़ के आसपास बस्ती में रहते हैं फिर भी इस सडक़ की दुर्गति है। इसका कारण यह है कि सब अपने स्वार्थ के मारे हैं। इस सडक़ और नागरिक सुविधाओ की परवाह किसी को भी नहीं है। नगरपालिका ने निर्णय लिया था कि अतिक्रमण हटा कर सडक़ चौड़ीकरण का कार्य कराया जाएगा और फिर सडक़ बनवाई जाएगी। लेकिन अब सब ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया है।

## फायरिंग कर घायल करने वाले चारों आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल हरिभूमि न्यूज ।** जिले के अमलाई थाना क्षेत्रांतर्गत 30 अप्रैल को फरियादी अनीश कुमार सिंह निवासी अमलाई ओपीएम कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पूर्व रंजिश के चलते आरोपीगण बबलू उर्फ कन्हैया शर्मा, बल्ली उर्फ सूर्यप्रताप सिंह, गोपालू एवं बिज्जू पनिका ने अमलाई ओपीएम के सब्जी ग्राउंड के पास जान से मारने की नीयत से मारपीट कर देशी कट्टे से पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। अमलाई पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत विवेचना प्रारंभ की। पुलिस द्वारा घटना की विवेचना के दौरान पता-साजी के प्रयासों के पश्चात चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, अपराध में प्रयोग हुआ देशी कट्टा पुलिस द्वारा जप्त किया गया एवं सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।
उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक करतार सिंह, दीपक तिवारी, अमृतलाल सिंह परस्ते, प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, राकेश सिंह, नरेंद्र सिंह कुशराम, आरक्षक कृष्णानंद यादव, गुलाब सिंह की भूमिका रही।

## पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल हरिभूमि न्यूज ।** जिले के सीधी थाना क्षेत्र के रिमार डोंगरा टोला निवासी 55 वर्षीय वृद्ध महिला अपने घर में वर्षों से मेहनत-मशक्कत कर कुछ जेवरात और नगदी संजोकर रखी थी, ये उसकी जिंदगी भर की जमा-पूंजी थी, जो उसने अपनी जरूरतों और अपने बेटे की भलाई के लिए बचाई थी, लेकिन उस भरोसे को ठोकर मारते हुए उनका बड़ा बेटा रंगू उर्फ रामचंद्र अपनी ही मां की पेटी सहित पेटी में रखे गहने चांदी के सिक्के और नकद रुपए चुराकर फरार हो गया, मां ने जब घर आई और देखा की उसके गहने नगदी वाली दो पेटी सारा सामान गायब पाया तो, उसके पैरों तले जमीन खिसक गई, विश्वास नहीं हुआ कि उसका ही खून ऐसा कर सकता है, पीड़ित महिला ने सीधी थाना पहुंची और अपने ही बेटे के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत कार्रवाई की, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चोर बेटे को दबोच लिया, उसके पास से मां के जेवर और नगदी भरे पेटी को बरामद कर ली गई, अब बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और मां को उसकी अमानत वापस मिल गई है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में चर्चा का माहौल है।

#### इनका कहना है...

एक वृद्ध महिला का बेटा उसके जेवरात नगदी रखे पेटी को चोरी कर लिया ,पीड़िता की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए चोरी करने वाले बेटे के खिलाफ कार्यवाही करते हुए चोरी का माल बाद कर उसे गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

**राज कुमार मिश्रा**
**थाना प्रभारी, सीधी**

### श्रीचित्रगुप्त जयंती पर कायस्थ समाज की शोभायात्रा आज



**शहडोल हरिभूमि न्यूज ।** कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान श्रीचित्रगुप्तजी की जयंती के अवसर पर 4 मई को नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी । आयोजन में शामिल होने के लिए कायस्थ समाज के युवा इकाई के अध्यक्ष अवकाश निगम ने समाज के वरिष्ठ सदस्य डॉ ए के श्रीवास्तव को आमंत्रण पत्र एवं समाज का ध्वज देकर शोभायात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया । आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष सुनील खरे एवं सचिव कृष्णकांत श्रीवास्तव ने बताया कि शोभायात्रा का शाम 3 बजे दोपहर से इंदिरा चौक स्थित ईएलसी चर्च परिसर से प्रारंभ होगी। यह यात्रा इंदिरा चौक से रवाना होकर गांधी चौक, जय स्तंभ होते हुए पाली रोड स्थित बूढ़ी देवी मंदिर परिसर स्थित श्रीचित्रगुप्त मंदिर पहुंचेगी । यात्रा का जगह जगह स्वागत भी किया जायेगा। शोभायात्रा के समापन के पश्चात श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में भंडारा सहभोज का आयोजन किया जाएगा । यात्रा में कायस्थ समाज के महापुरुषों पर आधारित झांकी, भगवान श्रीचित्रगुप्तजी के परिवार की सजीव झांकी, कलम- दवात के मॉडल के साथ बड़ी संख्या में नगर एवं जिले के कायस्थ समाज के लोग शामिल रहेंगे। शोभायात्रा उपरांत मंदिर परिसर महाआरती, भजन कीर्तन एवं सामाजिक मेल मिलाप का कार्यकम आयोजित किया जाएगा।

## पुलिस सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण बैठक



#### विशेष पुलिस महानिदेशक ने दिए सख्त निर्देश

**शहडोल हरिभूमि न्यूज ।** संभाग प्रभारी और विशेष पुलिस महानिदेशक (तकनीकी सेवाएं) योगेश मुद्गल ने शहडोल में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एससी/एसटी और महिलाओं पर होने वाले अपराधों को रोकना बहुत जरूरी है। संभाग प्रभारी और विशेष पुलिस महानिदेशक (तकनीकी सेवाएं) योगेश मुद्गल ने हाल ही में शहडोल में एक अहम समीक्षा बैठक की। इस बैठक में संभाग के अपराध, कानून-व्यवस्था और पुलिस की जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में शहडोल जोन के पुलिस महानिरीक्षक अनुराग शर्मा, शहडोल के एसपी रामजी श्रीवास्तव, उमरिया की एसपी श्रीमती निवेदिता नायडू और अनूपपुर के एसपी मोती उर रहमान शामिल हुए।

बैठक में योगेश मुद्गल ने कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एससी/एसटी और महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को कम करना बेहद जरूरी है। साथ ही, जो नाबालिग बच्चे लापता हैं, उनकी तलाश तेजी से करने को कहा गया। योगेश मुद्गल ने कहा, हमारा मुख्य उद्देश्य समाज में लोगों को सुरक्षित महसूस कराना है, इसके लिए हमें मजबूत और सख्त कदम उठाने होंगे।

#### कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर हुई बात

समीक्षा बैठक में कई और जरूरी मुद्दों पर भी चर्चा की गई। खास तौर पर गंभीर अपराधों और बार-बार अपराध करने वालों की जमानत रद्द करने, लाउडस्पीकर के उपयोग पर नियंत्रण रखने और साइबर अपराध को लेकर लोगों को जागरूक करने की योजनाएं बनाई गईं। एसपी रामजी श्रीवास्तव ने कहा कि हमें हर स्तर पर अभियान चलाने होंगे ताकि अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को सही तरीके से लागू किया जा सके। बैठक में यह भी तय हुआ कि नशे पर रोक लगाने के लिए खास अभियान चलाए जाएं और एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई हो। इसके अलावा, शहडोल संभाग के सभी थानों में जब्त किए गए वाहनों और पुराने ई-वेस्ट को हटाने के लिए भी विशेष अभियान चलाने का प्रस्ताव रखा गया।

#### दिए गए ये निर्देश

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खाली पदों को जल्द भरा जाए। साथ ही, सरकारी आवासों और पुलिस वाहनों की कमी को दूर करने के लिए जरूरी प्रस्ताव भेजे जाएं। उमरिया की एसपी निवेदिता नायडू ने कहा, हमें यह तय करना होगा कि हमारे पुलिसकर्मी सभी जरूरी संसाधनों के साथ काम करें ताकि वे जनता की बेहतर सेवा कर सकें। बैठक का समापन पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा देने के निर्देशों के साथ हुआ। यह भी जोर दिया गया कि पुलिस सिर्फ अपराध से निपटने में ही नहीं, बल्कि उनके खुद के भले के लिए भी काम किया जाए। इन सभी उपायों से शहडोल संभाग में पुलिस व्यवस्था को सुधारने की दिशा में एक ठोस कदम उठाया गया है। इससे स्थानीय लोगों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित की जा सकेगी। विशेष पुलिस महानिदेशक योगेश मुद्गल के नेतृत्व में इस तरह की बैठकें आगे भी होती रहेंगी, जिससे पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संबंध बन सके।

## जल की एक-एक बूंद बचाने का दिया जा रहा संदेश



**शहडोल हरिभूमि न्यूज ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से प्रारंभ किया है जो कि 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। शहडोल जिले में आगामी तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान सतत चलेगा। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जायेंगे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकास खण्ड सोहागपुर के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मिठोरी द्वारा ग्राम पंचायत के समीप जलसा तालाब तथा सीढियों की साफ सफाई कार्य में श्रमदान किया गया।
श्रमदान कार्य में सरपंच मुन्नी कोल, जन अभियान परिषद के विकास खण्ड समन्वयक प्रिया सिंह बघेल, सचिव नरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नवांकुर संस्था की ममता सोनी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सचिव कल्याण सिंह, रोजगार सहायक शिवराज सिंह, ,मोबलाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मधु कोल एवं अन्य लोगों ने सहभागिता निभाई तथा जल की एक-एक बूंद बचाने का संदेश दिया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### 10 मई को नेशनल लोक अदालत

**उमरिया हरिभूमि न्यूज** । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को किया जाएगा।लोक अदालत में विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरणों में छूट प्रदान की जाएगी । प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

### उप स्वास्थ्य केंद्र बकेली का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण



**उमरिया हरिभूमि न्यूज** । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.बी.चौधरी ने उप स्वास्थ्य केंद्र बकेली का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित ए एन एम से चर्चा कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र तक आने वाले मरीजों का बेहतर इलाज किया जाए । उप स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई निरंतर रूप से की जाए । बेडों की चादर नियमित रूप से बदला जाए । निरीक्षण के दौरान रोहित सिंह भी उपस्थित रहे।

### जिला जेल उमरिया में बंदियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**उमरिया हरिभूमि न्यूज** । जिला जेल उमरिया में उच्च न्यायालय जबलपुर के दिशा निर्देशन में विधिक जागरूकता स्वास्थ्य शिविर में जेल में निरुद्ध बंदियो का स्वास्थ्य परीक्षण प्रधान न्यायाधीश, जिला सत्र न्यायालय उमरिया के मुख्य अतिथ्य में सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर महिला चिकत्सा विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ,मेडिकल विशेषज्ञ तथा मानसिक रोग विशेषज्ञ, जिला क्षय अधिकारी, जिला जेल के चिकित्सा अधिकारी के साथ पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक जाँच और उपचार किया गया । शिविर में उपस्थित समस्त न्यायाधीश, अधिकारी, अधिवक्ता, कर्मचारियों और निरुद्ध बंदियों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के सन्दर्भ में वृहद जानकारी दी गई।

### बिजुरी में फिर से पनपा सट्टा कारोबार, प्रशासन पर सुस्ती का आरोप

**बिजुरी हरिभूमि न्यूज**। नगर में गर्मी बढने के साथ ही सट्टा-पट्टी का अवैध कारोबार फिर से सक्रिय हो गया है। कुछ समय पहले प्रशासन की सख्ती के चलते इस पर कुछ लगाम लगी थी, लेकिन अब यह धंधा गली-कूचों और चौराहों पर फिर से फलफूल रहा है। बताया गया कि नगर के माइंस तिराहा, डबल स्टोरी, कपिलधारा कॉलोनी, हनुमान मंदिर चौराहा, भक्तता गांव मोहरी सहित कई अन्य स्थानों पर सट्टा पट्टी लिखने वाले दलालों का जमावड़ा फिर से शुरू हो गया है। सूत्रों ने बताया कि प्रशासन के कुछ कर्मचारियों और स्थानीय नेताओं के कथित सहयोग के कारण सट्टा कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। एक के दस करने के लालच में लोग इस सट्टा पट्टी के दलदल में फंस रहे हैं, जिससे कई परिवारों के बर्बाद होने की आशंका है।

## कायदों के विपरीत पंचायत में हुए प्रभार पर मुखिया की चुप्पी

# पंचायतों को निगल रहा भ्रष्टाचार का दानव

### वसूली के आदेश के बावजूद शासन के खजाने में जमा नहीं हो रही राशि

**उमरिया हरिभूमि न्यूज** । पंचायती भ्रष्टाचार का दानव विशालकाय मुंह फैलाए हुए पंचायतों को निगल रहा है। इस दैत्य को भोजन और संरक्षण देने का कार्य जनपद सहित जिला पंचायत में बड़े पदों पर बैठे हुए अफसरान दे रहे हैं। हर दिन पंचायतों में भ्रष्टाचार के नित नए आयाम लिखे जाते हैं और प्रशासनिक पदों पर बैठे अधिकारी अपने कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने में व्यस्त हैं। जिले में पदस्थ वर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा भ्रष्टाचारियों को बचाने और संरक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। आलम यह है मुखिया प्रमाणित भ्रष्टाचार के मामलों में अब तक कोई कार्यवाही नहीं की है, जिनमें कई लाखों का भ्रष्टाचार उजागर हो चुका है। जिले के बिरसिंहपुर पाली में दोषी पाए गए जिम्मेदारों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होने के बावजूद उन पर कार्यवाही न होना और उन्हीं पदों पर भ्रष्टाचारियों का बना रहना पूरे प्रशासनिक तंत्र को कटघरे में खड़ा कर रहा है, इसके अलावा नवम्बर 2024 में जिला पंचायत के मुखिया ने भ्रष्टाचार और गबन या अन्य मामलों में दोषी सचिवों को वित्तीय प्रभार दिया। वहीं दूसरी ओर करकेली जनपद की उजान पंचायत में जांच के बाद दोषी पाये गये सचिव से वसूली के आदेश तो हुए,लेकिन आज तक वसूली नहीं हो सकी। चर्चा है कि वर्तमान में जिला पंचायत के मुखिया पंचायतों का प्रभार कायदों के विपरीत जाकर ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक को वित्तीय प्रभार देने में लगे हुए हैं।

### न जांच पूर्ण, न होती कार्यवाही

ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार, गबन, घोटाले, अनियमितताएं और पदों के दुरुपयोग को लेकर दर्ज मामलों के निर्णय सालों बाद भी नहीं हो पा रहे हैं या




यूं कहें कि जिला पंचायत के मुखिया इन मामलों को लेकर अनदेखी कर रहे हैं। जिले में सैकड़ों ऐसे मामले हैं, जिनकी फाइलें पहले जनपद कार्यालय में सालों तक धूल खाती रहीं और अब जिला पंचायत कार्यालय में अटकी हैं। अधिकारी न तो जांच पूर्ण कर सके हैं और न ही कार्रवाई करने की स्थिति में हैं, लेकिन निर्णय कब होगा? इस पर कोई भी जवाब मिलता नजर नहीं आ रहा है। इसी व्यवस्था में सुधार लाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने इन मामलों में फैसला लेने का अधिकार जिला पंचायत सीईओ को दिया था, लेकिन बीते वर्षो में जिला पंचायत में कुछ मामलों में ही संभवतः फैसला हो सका है।

### मुखिया ने ही रौंदा आदेश

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तत्कालीन अपर मुख्य सचिव राधेश्याम जुलानिया ने निर्देश जारी किये थे कि ऐसे सचिव जिन पर अनियमितता व भ्रष्टाचार के मामले में जांच लंबित हो, उन्हें पंचायत में प्रभार न दिया जाये, लेकिन जिला पंचायत के मुखिया ने इस आदेश को रौंदते हुए भ्रष्टाचार और गबन या अन्य मामलों में दोषी सचिवों को वित्तीय प्रभार दिया गया हैं, आरोप हैं कि जिला पंचायत के मुखिया ने नोटशीट एवं रिमार्क में उल्लेखित आरोपों को देखे बिना वित्तीय प्रभार दे दिया, बीते माहों में जिले की उजान पंचायत में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया, जांच हुई, जांच में वसूली के लिए जिला पंचायत से पत्र लिखा गया, लेकिन अब ऐसा लगता है कि दबाव बनाने के लिए पत्र तो जारी हो गया, लेकिन वसूली की राशि जमा न होने के बावजूद कार्यवाही न होना पूरे प्रशासनिक तंत्र को कटघरे में खड़ा कर रहा है।

### कटघरे में मुखिया की कार्यशैली

जिला पंचायत ने पाली, मानपुर और करकेली जनपदों के कुल 236 सचिवों व रोजगार सहायकों को संपूर्ण वित्तीय प्रभार (संपूर्ण दायित्व) सौंपा था। कुछ सचिवों की निलंबन के बाद बहाली नहीं हुई थी और कुछ तो गबन की राशि अब तक शासन के खजाने में वापस जमा नहीं करवा सके हैं, जनपद से जुड़े लोगों की माने तो, इस पूरे खेल के पीछे मानपुर जनपद एवं तत्कालीन प्रभारी करकेली जनपद के मुखिया के अलावा जिला पंचायत में बैठे पूरे चावलों में शाखा सहायक ने बड़ा रोल अदा किया है, कुल मिलाकर इतने माहों के बाद भी इस मामले में जिला पंचायत के मुखिया द्वारा संज्ञान न लेना उनकी कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है।

## नागरिकों को सुशासन का लाभ दिलायें, जनप्रतिनिधियों के साथ करें संवाद

# जनता की संतुष्टि ही हमारा ध्येयः मुख्यमंत्री

### दीपक कोरी उमरिया को मिला पेंशन का लाभ

**उमरिया हरिभूमि न्यूज** । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनता की संतुष्टि ही हमारा ध्येय है। जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही सुशासन है, इसलिए प्रदेश के हर नागरिक को सुशासन का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करें और उनके सुझावों पर भी अमल करें। हरसंभव तरीके से अपनी दक्षता और क्षमता बढ़ायें। जिले में चल रही सभी प्रकार की घटनाओं पर पैनी नजर रखें। योजनाओं का समय-सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित हों, इसके लिए बेहतर से बेहतर प्रबंधन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उमरिया एनआईसी में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया , उप संचालक



सामाजिक न्याय विभाग राजीव गुप्ता, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय एच पी धुर्वे, जिला प्रबंधक लोक सेवा गारंटी शुभांगी मित्तल, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रभा बडक्रे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधान ऑनलाईन में आए प्रदेश के 14 जिलों के विभिन्न प्रकरणों की सीधी सुनवाई की और आवेदकों से रू-ब-रू बात कर उनके मामले के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी कलेक्टर्स सरकार की योजनाओं के डिलेवरी सिस्टम के मजबूती के लिये प्रयास करें। नागरिकों के काम समय पर हों और उन्हें अपनी छोटी-छोटी जरूरतों के लिये यहां-वहां भटकना न पड़े, यह सुनिश्चित किया जाये। उमरिया जिले के आवेदक दीपक कोरी ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्त पेंशन योजना में उसे पेंशन न मिलने की शिकायत की थी। आवेदक ने बताया कि शिकायत करने के बाद अब उसे पेंशन मिल रही है। कलेक्टर उमरिया ने बताया कि हितग्राही को पेंशन मिलने में देरी के लिये दोषी पाये गये समग्र सामाजिक न्याय अधिकारी की एक वेतन वृद्धि रोकी गई है। ग्राम पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस दिया गया है और इस संबंध में देरी के लिये विशेष रूप से दोषी पाये गये ग्राम रोजगार सहायक से अर्थदंड की राशि तीन हजार रूपए वसूल करके आवेदक को दे दी गई है।

# 130 बोरियों का बनाया बोरी बंधान, दिया जल संरक्षण का संदेश




**उमरिया हरिभूमि न्यूज** । जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार के अंतर्गत उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा विकासखंड पाली के गंजरा नाला में श्रमदान कर 130 बोरियों का बोरी बंधान बनाकर जल संरक्षण पर जोर दिया गया।इस अभियान में आने वाले भविष्य नन्हे बच्चों ने भी ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और श्रमदान किया, जिससे जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ सके।इस अवसर पर सभी को जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई। पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी के द्वारा गांव गांव में जन चौपालों का आयोजन कर आम जन को जनभागीदारी से जल संरक्षण एवं प्रबंधन तथा नदियों के पुर्नजीवन हेतु संदेश देने का कार्य किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि जल संरक्षण के लिए बोरी बांध बेहद सस्ता और प्रभावकारी है। इससे नालों को पुनर्जीवित किया जा सकता है, जिससे भूगर्भ जलस्तर में सुधार के साथ किसानों के लिए सिंचाई व मवेशियों के लिए पीने का पानी मिलना सुलभ हो जाता है।नदी पर 130 बोरियों से पानी रोका गया। इस पानी से पशु ,पक्षी, जीव जंतु अपनी प्यास बुझा सकेगे। साथ ही उस क्षेत्र का जलस्तर भी बना रहेगा। विश्व में सबसे अधिक संघर्ष पानी के लिए ही हो रहा है। धरती का जल धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है तथा जल की आवश्यकता बढ़ती जा रही है। अगर वर्षा जल का ठीक तरह से प्रबंधन नहीं किया गया तो आगामी दशकों में समाज को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा। पानी की पहली बूंद जहां गिरे वहीं उसे धरती के पेट में उतारने का कार्य ही सर्वश्रेष्ठ जल प्रबंधन है। पानी रोकने के छोटे-छोटे प्रयासों के द्वारा बैतूल का जनजाति समाज पूरे विश्व को जल प्रबंधन के गुर सिखा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर हमें आगामी संघर्ष रोकना है तो जल संरक्षण करना ही होगा। बोरी बांध निर्माण में जल वालंटियर हिमांशु तिवारी,पर्यावरण मित्र खुशी सेन, शिखा बर्मन, रुद्र प्रधान, नेहा सिंह, वैष्णवी बर्मन,पलक सिंह,मनु रजक,मोहित बैगा व सभी उपस्थित रहे।

# किसानों को नरवाई नही जलाने की दी गई समझाइश

**उमरिया हरिभूमि न्यूज** । कृषि अभियांत्रिकी विभाग व्दारा किसानों को नरवाई नही जलाने की जानकारी रथ के माध्यम से दी जा रही है। सहायक कृषि यंत्री मेघा पाटिल ने बताया कि गत दिवस कौडिय़ा, खमतरा, अखड़ार, बिरसिंहपुर पाली, हर्रवाह, अतरिया तथा करकेली में रथ के माध्यम से किसानों को नरवाई नही जलाने की अपील की गई । सहायक कृषि यंत्री मेघा पाटिल ने बताया कि विभिन्न ग्रामों में रथ के माध्यम से किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान, नरवाई के प्रबंधन एवं उपाय नरवाई प्रबंधन में सहायक भूसा मशीन, बेलर, हार्वेस्टर मैनेजमेंट सिस्टम, रीपर कम्बाइंडर, सीपर सीडर, मल्चर आधुनिक कृषि यंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन उपाय अपनाने, खेत और पर्यावरण को नुकसान से बचाने, नरवाई प्रबंधन के लाभ आदि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पर्यावरण सुरक्षा, जन स्वास्थ्य एवं जीव जंतुओ की जीवन सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूजनल के आदेश के परिपालन में पर्यावरण प्रदूषण एवं नियंत्रण अधिनियम के तहत शासन ने धान एवं गेहू तथा अन्य फसल की कटाई के



बाद नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया है। इसका उल्लंघन किए जाने पर संबंधित से पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप मे जुर्माना लिया जाएगा । नोटिफिकेशन के प्रावधान अनुसार जुर्माना राशि निर्धारित की गई है ।

### आयोजित किया गया लाडली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम



**कोतमा हरिभूमि न्यूज** । महिला एवं बाल विकास परियोजना कोतमा में जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते के मार्गदर्शन में प्रभारी परियोजना अधिकारी चिन्ती घोरमारे द्वारा परियोजना कोतमा अन्तर्गत लाडली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती अर्चना गौतम महिला एव बाल विकास सभापति की अध्यक्षता तथा जीवन सिंह जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष सोनी वरिष्ठ अधिवक्ता एव समाज सेवी राम यादव अधिवक्ता शिवकुमार ओंकार सिंह स्वयं सेवी संस्था के सचिव लाडली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित समस्त लाडली लक्ष्मी बालिकाएं एवं सेक्टर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर वीणा वादिनी मां सरस्वती की पूजा कर की गई एवं नौ कन्याओं का कन्या पूजन किया गया साथ ही पुरूस्कार स्वरूप बच्चों को वॉटर बॉटल प्रदान किया गया। जीवन सिंह द्वारा बालिकाओं के उज्जवल भविष्य के लिए अपने विचार व्यक्त किए गए तथा श्रीमती अर्चना गौतम द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह लाड़ली लक्ष्मी योजना बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने शिक्षा को बड़ावा देने बालविवाह रोकने, जनसंख्या में नियंत्रण हेतु बहुत ही कारगर सिद्ध हुई है, यह योजना बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। सभी उपस्थित अथितियो द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। लाडली लक्ष्मी बालिकाओं द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना से उनको कितना लाभ हुआ योजना से लाभ होने का अनुभव साझा किया गया एवं बालिकाओं द्वारा आगे भविष्य में लाडली लक्ष्मी से मिलने वाली छात्रवृत्ति स्वरूप राशि का अपनी उच्च स्तर की पढ़ाई के लिए सहयोग की बात की गई। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी बालिका को लाड़ली लक्ष्मी योजना का आश्वासन प्रमाण पत्र वितरण कर एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम संपन्न किया गया।

# नेशनल हाईवे रोड पर चार पहिया वाहन रोड क्रॉस कर रहे बंदर को टक्कर मारकर फरार

**बदरा/जमुना हरिभूमि न्यूज**। नेशनल हाईवे रोड बदरा जमुना गेट से लेकर श्रमिक नगर तक दोनों तरफ दुकान एवं आवास बने हुए हैं सुबह से शाम तक लोगों का आना जाना लगा रहता है नेशनल हाईवे रोड के चलते दो पहिया एवं चार पहिया बड़ी तेज गति में निकलते हैं कई बार ऊपर तक शिकायत किया गया जमुना गेट से श्रमिक नगर तक डिवाइडर रोड बनाया जाए परंतु इस और किसी का ध्यान केंद्रित नहीं होता आज शाम बंदर को घायल करते हुए चार पहिया वाहन फरार हो गया ठीक उसी समय एक



ऑटो जा रही थी जो पलट गया स्थानीय निवासी लोग वन विभाग को फोन करके बुलाया गया बंदर को व्यवस्था बनाकर अस्पताल पहुंचाया गया है जिसका इलाज जारी है नेशनल हाईवे रोड पर एक दिन पहले चार पहिया वाहन गाय के बच्चे को हवा में उछाल कर भाग गया जिस गाय के बच्चा तड़प तड़प कर वहीं खत्म हो गया आए दिन आए कुछ ना कुछ घटनाएं हो रही हैं शासन प्रशासन द्वारा ध्यान केंद्रित करके जमुना गेट से श्रमिक नगर बस स्टैंड तक डिवाइडर रोड तत्काल बनवाया जाए।

# रेलवे स्टेशन परिसर में गंदगी का आलम

**लंबी दूरी की ट्रेन सुविधा से भी वंचित, लाखों खर्च के बाद भी सफाई व्यवस्था**



**अनुपपुर कोतमा हरिभूमि न्यूज ।** अनूपपुर जिले की आर्थिक नगरी कहलाए जाने वाला कोतमा में रेल सुविधाओं के मामले में अपेक्षा नगर के व्यापारियों नागरिकों एवं यात्रियों के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। जिसका सीधा नुकसान औद्योगिक निवेश पर भी पढ़ रहा है। महानगरों तक ट्रेन की सीढ़ी सुविधा से लेकर छोटे शहरों तक ट्रेन सुविधा नहीं होने से जाती परेशान है। नागरिकों एवं यात्रियों का यह भी कहना है कि ट्रेन सुविधा के मामले में जनप्रतिनिधियों के साथ ही सांसद एवं मंत्री के उदासीन रवैया के कारण भी नुकसान हो रहा है।

### नागरिकों व्यापारियों की प्रमुख मांगे

अनूपपुर जिले की आर्थिक नगरी के साथ ही काले हीरे कागज कहलाए जाने वाला नगर को अंबिकापुर से नागपुर तक सीधी ट्रेन की सुविधा के साथ ही अंबिकापुर निजामुद्दीन उज्जैन अंबिकापुर का स्टॉपेज के साथ ही आगामी दिनों में प्रारंभ होने वाली दुर्ग अंबिकापुर इंटरसिटी ट्रेन का स्टॉपेज दिलाए जाने प्लेटफार्म नंबर 3 की लंबाई बढ़ाई जाने के साथ ही रीवा चिरमिरी एक्सप्रेस को नियमित किए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही है जिससे ट्रेन की नियमित सुविधा मिल सके।

### गंदगी का अंबार

कोयलांचल नगरी के रेलवे स्टेशन कोतमा परिसर में चहुंओर पसरी गंदगी से यात्रियों एवं नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो और तीन पर बने सुविधा घर में भारी गंदगी होने से यात्रीगण महिला एवं पुरुष उसका उपयोग नहीं कर पा रहे। सुविधा घर के बाहर गंदगी फैलाई जा रही। स्टेशन परिसर एवं प्लेट फॉर्म में फैली गंदगी के कारण दुर्गंध भी उठती है जिससे यात्रियों को गंदगी के बीच ही अपनी यात्रा करने की विवशता रहती है। गंदगी के संबंध में कई बार स्टेशन प्रबंधक से सफाई दुरुस्त रखने की शिकायत भी यात्रियों के द्वारा की गई जिस पर ठेकेदार के ऊपर दोष देते हुए पल्ला झाड़ लिया जाता है। यात्रियों ने रेलवे प्रबंधन से स्टेशन परिसर में पसरी गंदगी व नालियों से उठती दुर्गंध को सफाई कराए जाने की मांग की गई है।

### नही मिल रही सीधी ट्रेन की सुविधा

कोतमा विधानसभा क्षेत्र सामान्य सीट होने के साथ ही कोयलांचल क्षेत्र से जुड़ा हुआ है और यहां पर हर प्रांत के लोग निवास करते हैं। इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा की कमी होने के कारण यहां के लोगों को इलाज करवाने के लिए बाहर जाना पड़ता है। काफी दिनों से यहां के लोगों की एक ही मांग थी कि नागपुर तक सीधी ट्रेन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए जिससे लोगों को इलाज करवाने के लिए नागपुर तक सीधी ट्रेन की सुविधा मिल सके लेकिन जलप्रीनिधियों सांसद एवं मंत्री की उदासीनता का खामियाजा यहां के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

### क्या कहते हैं व्यापारी



नगर के इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी एवं समाजसेवी धर्मेंद्र वर्मा का कहना है कि हमारे नगर के साथ ही कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के साथ रेल प्रबंधन उपेक्षा कर रहा है जिसके कारण महानगरों सहित बड़े शहरों के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा नहीं मिल पा रही है। यहां तक की अंबिकापुर से निजामुद्दीन तक जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का भी स्टॉपेज कोतमा में नहीं दिया गया है हाल ही में उज्जैन से अंबिकापुर तक ट्रेन चलाई गई है लेकिन उसका भी स्टॉपेज कोतमा में नहीं दिया गया है। चिरमिरी से रीवा तक नियमित रूप से संचालित होने वाली ट्रेन को भी कोरोना काल के समय से सप्ताह में 3 दिन कर दिया गया है जिसके कारण यहां के लोगों को यात्रा करने के लिए परेशानी होती है। किराना व्यवसाई युवा अनुदीप जैन का कहना है कि कोतमा नगर आज हर दृष्टि से बहुत बड़ा और विशाल है लेकिन आज कोतमा रेलवे सुविधाओं से अछूता है हमको कहीं जाना पड़ता है तो हमारे यहां कोई ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं है हमारे यहां से दिल्ली के लिए ट्रेन है लेकिन उसका स्टॉपेज नहीं है उज्जैन के लिए ट्रेन चालू होना है उसका स्टापेज भी नहीं है तो हमारे कोतमा को इतना अछूत क्यों रखा गया है हमारे कोतमा का व्यापार रेलवे सुविधाओं के कारण पीछे होता जा रहा है। यदि यहां के नागरिकों एवं ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए कहीं बाहर जाना है तो हमारे यहां से सीधी ट्रेन कहीं जाने के लिए नहीं है। जनप्रतिनिधियों सांसद से अपेक्षा थी लेकिन वह भी यहां के लोगों को सीधी ट्रेनों की सुविधा नही उपलब्ध करवा पा रही हैं। रेल प्रशासन को कोतमा क्षेत्र के लिए भी ट्रेनों के स्टापेज के साथ ही रेलवे स्टेशन को सुविधाओं से सुसज्जित करने की आवश्यकता है। आज ट्रेनों की सुविधा कोतमा क्षेत्र के लोगों को नही मिलने के कारण यह क्षेत्र विकास में पीछे है। किराना व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष धीरेंद्र नाहर बंटी का कहना है कि कोतमा क्षेत्र हर दिन सुविधाओं से वंचित होता जा रहा है। सांसद भी इस क्षेत्र के लोगों को सीधी ट्रेनों की सुविधा के साथ कोतमा में अंबिकापुर निजामुद्दीन उज्जैन अंबिकापुर ट्रेन के स्टॉपेज के साथ ही चिरमिरी रीवा ट्रेन को नियमित करवाने की सुविधा नहीं उपलब्ध करवा पा रही है। महेन्द्र तिवारी का कहना है कि आज भी इस क्षेत्र के लोग महानगरों से सीधे जुड़ने की आस लगाए बैठे हैं। रेलवे स्टेशन में यात्री प्रतीक्षालय तो है लेकिन हमेशा उसमें ताला लटकता रहता है यात्रियों की वह सुविधा भी नही मिल पा रही है। रेलवे स्टेशन परिसर में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा रहता है सफाई के नाम पर नालियां गंदगी से भरी पड़ी है स्टेशन परिसर में कहने को तो सुविधा कर है लेकिन यात्री उस सुविधा से भी वंचित रहते हैं। कोतमा रेलवे स्टेशन अंग्रेजों के जमाने का स्टेशन है और आज भी उसकी वही स्थित है मुख्य द्वार भी सुविधा से वंचित है। व्यापारी भी अब यहां के जनप्रतिनिधि एवं सांसद से आस लगाए बैठे हुए हैं लेकिन उनकी यह आस कब पूरी होगी आप इस पर लोग प्रश्न चिन्ह खड़ा करते नजर आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### नगर निगम के नये उपायुक्त होंगे शैलेश गुप्ता

**कटनी।** राज्य शासन के वित्त विभाग ने राज्य वित्त सेवा के 62 अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। इसके तहत नगर निगम कटनी में पदस्थ रहे उपायुक्त वित्त पवन कुमार अहिरवार का स्थानांतरण सहायक संचालक संस्थागत वित्तण भोपाल के पद पर किया हैं। वहीं शैलेश गुप्ता उपायुक्त वित्त नगर निगम बुरहानपुर का स्थानांतरण उपायुक्त वित्त नगर निगम कटनी के पद पर किया गया है। इसी स्थातनांतरण आदेश में सुरभित अग्रवाल को जिला पंचायत कटनी के लेखा अधिकारी पद पर स्थानांतरित किया गया है। श्री अग्रवाल अभी तक संचालनालय कोष एवं लेखा भोपाल में सहायक संचालक के पद पर पदस्थत रहे।

### अपहृत बालक को खोज परिजनों के किया सुपुर्द

**कटनी।** रंगनाथ नगर पुलिस ने अपहृत बालक को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार फरियादी ने थाना मे आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका 10 वर्षीय बालक लापता है जिसका कोई पता नही चल रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी रंगनाथ नगर नवीन नामदेव ने तुरंत ही टीम को शहर के विभिन्न स्थानो एंव थाना क्षेत्र, मंदिरो में पता तलाश किया एंव आरएम के सभी जगह अपहृत बालक के संबध में पूछताछ की गई । कड़ी मशक्कतो के बाद अपहृत बालक को ढूंड़कर सकुशल परिजनो के सुपुर्द किया गया। परिजन द्वारा पुलिस की तत्परता की सराहना की गई उक्त घटना मामले में थाना प्रभारी नवीन नामदेव , सउनि विनोद चौधरी, सउनि बहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक रामपाल बागरी , महिला आरक्षक रुचिका अग्रहरि, रमजान की भूमिका रही।

### हथियार लेकर घूम रहे बदमाश को पकड़ा

**कटनी।** झिंझरी क्षेत्र मे एक आदतन अपराधी सुनील उर्फ घन्टी बर्मन पिता कोदू बर्मन निवासी झिंझरी के द्वारा गंभीर वारदात करने की नियत से बका लेकर घूमते पाये जाने पर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से धारदार बका जप्त कर आरोपी को जेल भेजा। जानकारी के अनुसार 02/05/25 को मुखविर से सूचना मिली कि हीरा ढाबा के पीछे तलाब के पास गुलवारा मे एक व्यक्ति बर्मन लोहे का बका लिये घूम रहा है। कोई गंभीर वारदात घटित कर सकता है। सूचना पर पुलिस ने सुनील उर्फ घन्टी बर्मन पिता कोदू बर्मन निवासी झिंझरी को बका नुमा औजार के साथ गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध धारा 25 ए आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाई कर गिरफ्तार किया गया।

### मजदूर दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कटनी।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिलहरी के सरपंच के द्वारा मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 में को पूरे विश्व में मनाया जाता है इसका उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना उनका सम्मान देना और जागरूकता फैलाना है एवं उनके कार्य को बेहतर वातावरण देना है उन्होंने कहा पहले 19वीं साड़ी में मजदूरों को 12 से 16 घंटे तक काम करना पड़ता था

## जल संवर्धन अभियान के तहत विजय

# तालाब का गहरीकरण, साफ़ सफाई कर किया श्रमदान

शहडोल। मजदूर दिवस के अवसर पर म. प्र. जन अभियान परिषद शहडोल ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति विजहा व ग्राम पंचायत द्वारा गंगा जल संवर्धन अभियान के अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों ने श्रमदान कर तालाब की साफ-सफाई की।





इस अवसर पर रितिक दास मिश्रा म. प्र जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक के विशिष्ठ अतिथि व मार्गदर्शन में विजय सागर तालाब विजहा में श्रमदान किया गया तालाब की साफ सफाई कर गहरीकरण का कार्य के पश्चात ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर ग्रामवासियों को किया जागरूक। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति सचिव व कार्यक्रम संयोजक शिवदीप गौतम, पंचायत सचिव साधुलाल पटेल, उपसरपंच रामसुजान सिंह, वनरक्षक राजभान बैगा, सुरेन्द्र सिंह, हीरालाल सिंह, टेंरन सिंह, विनोद शुक्ला, मोवा लाईजर गल्लू सिंह, लोटन प्रसाद यादव, निलेश सिंह विजय गौतम, बेटी बाई सिंह पंच, मुन्नी सिंह हरी सिंह व मीडिया जगत बहादुर सिंह ने श्रमदान कर अपनी सहभागिता दी।

## नगर परिषद बुढार द्वारा यात्रियों तथा राहगीरों को शीतल पेयजल सुलभ कराने सार्वजनिक प्याऊ का नगर परिषद अध्यक्ष ने किया शुभारंभ




बुढार। यात्रियों तथा राहगीरों को शीतल पेयजल सुलभ कराने के पुनीत उद्देश्य से नगर परिषद बुढार द्वारा नगर के मुख्य स्थानों पर सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था करायी गई, और पार्षदों नागरिकों की उपस्थिति में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया। नगर परिषद द्वारा वर्तमान गर्मी के तपन को देखते हुये नगर के वार्ड क्र. 2 स्थित पंडित दीनदयाल चौक स्थल पर तथा जैतपुर चौक स्थित यात्री प्रतीक्षालय एवं बस स्टैंड में शनिवार को सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया गया और प्याऊ के साथ चना, गुड़ से मुंह मीठा कराया गया। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ करते हुये कहाकि - यात्रियों तथा मार्ग से गुजरने वाले सम्माननीय जनों को शीतल पेयजल सुगमता से अर्जित हो सके के पुनीत उद्देश्य से सार्वजनिक प्याऊ की सुविधा अर्जित करायी जा रही है और नगर के अन्य मुख्य स्थान पर शीघ्र ही प्याऊ प्रारंभ कराया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने कहाकि - नागरिकों को वर्तमान गर्मी के तपन में पेयजल सुलभ करानें नगर के प्रमुख स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था जन भावनाओं के अनुरूप करवायी गई जिससे अब यात्रियों तथा मार्ग से गुजरने वाले नागरिकों को यह सुविधा गर्मी के मौसम में अर्जित हो सकेगी वहीं न्यायालय मार्ग में भी त्वरित प्याऊ प्रारंभ कराया जायेगा।

सार्वजनिक प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर - सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व पार्षद विक्रम बारी, पुरुषोत्तम दास बारी, पार्षद श्रीमती सविता सिंह भदौरिया, पार्षद श्रीमती सुधा बारी, सुमित्रा नामदेव, जूली जैन, हर्ष पाठक, हरिश्चंद्र केवट, मोहन बैगा, धर्मेंद्र जैन, अजय पाठक, स्वच्छता निरीक्षक राधिका तिवारी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## खैराहा सब एरिया को मिला नया नेतृत्व बी. हरिबाबू ने संभाली कमान



धनपुरी। एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की राजेंद्रा-खैरहा भूमिगत खदानों में प्रबंधन स्तर पर बड़ा फेरबदल हुआ है। 30 अप्रैल 2025 को उपक्षेत्रीय प्रबंधक वी.के. सिंहा के सेवानिवृत्त होने के बाद चिरमिरी से स्थानांतरित होकर आए बी. हरिबाबू ने उपक्षेत्रीय प्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है।अनुभवी प्रबंधक बी.हरिबाबू, जो पूर्व में चिरमिरी क्षेत्र की रानी अटारी – विजय वेस्ट यूजी खदान के सबएरिया मैनेजर थे, अब राजेंद्रा-खैरहा सबएरिया की कमान संभालेंगे। वे डिप्टी जनरल मैनेजर (माइनिंग) के पद पर कार्यरत हैं और उन्हें खदान प्रबंधन व कोयला उत्पादन के क्षेत्र में लंबा अनुभव का लाभ सोहागपुर एरिया को मिलेगा।सभी अधिकारियों ने किया स्वागतपदभार ग्रहण करते ही हरिबाबू राजेंद्रा भूमिगत खदान कार्यालय पहुंचे, जहां खैरहा भूमिगत माइंस के खान प्रबंधक एस.पी. सिंह, राजेंद्रा खदान के खान प्रबंधक बी वाला कृष्णा व अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। खदानों की भौगोलिक स्थिति, उत्पादन लक्ष्य और प्रमुख चुनौतियों से उन्हें अवगत कराया गया।कोयला टारगेट और सुरक्षा बनी बड़ी चुनौतीराजेंद्रा-खैरहा खदानों में कोयला टारगेट पूरा करना नई जिम्मेदारी का सबसे अहम हिस्सा होगा। साथ ही खदानों की जर्जर बाउंड्री वॉल तोड़कर चोर खदान में आसानी से प्रवेश, कर खदान में रखे कोयला और कीमती कलपुर्जों की चोरी जैसी समस्याएं बड़ी चुनौती बनकर सामने हैं। कोयला रोड सेल से जुड़े कर्मचारी से ट्रांसपोर्टर भी परेशान हैं जिसका हल हो।




## परियोजना कार्यालय ब्यौहारी में मनाया गया लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

ब्यौहारी

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज लारोकर के मार्गदर्षन में दिनांक 02.05.2025 को परियोजना कार्यालय ब्यौहारी लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत स्थानीय जनप्रतिनिधि, लाड़ली बालिका एवं उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष एवं सदस्य बालिकाएं प्रमुख रूप से प्रतिभागी रही। कार्यक्रम का संचालन लाड़ली बालिका कु. अनिष्का गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में वार्ड 5 की पार्षद श्रीमती सकुंतला यादव एवं लाड़ली बालिका द्वारा दीप प्रजज्वलन कर किया गया। इसके पष्चात कार्यक्रम में उपस्थित लाड़ली बालिकाओं द्वारा संगीत एवं नृत्य किया गया। जनप्रतिनिधि द्वारा लाड़ली लक्ष्मी की पात्र बालिका को लाड़ली लक्ष्मी अष्वासन पत्र वितरण किया गया। उत्कृष्ट कार्य वाली बालिकाएं जैसे कक्षा 10 वीं में अच्छे प्रतिषत एवं मंच संचालन वाली बालिका को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत संगीत एवं नृत्य करने वाली बालिकाओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत वार्ड 5 की पार्षद श्रीमती सकुंतला यादव, परियोजना अधिकारी रोषनी तिवारी, पर्यवेक्षक सुश्री सुनीता प्रजापति एवं सीता बैगा, समन्वयक सतेन्द्र विष्वकर्मा, लाड़ली बालिकाएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में स्वलपाहार के साथ समापन किया गया।

## ऐतिहासिक सगरा तालाब जीर्णोद्धार का भूमिपूजन भी ऐतिहासिक

# नगर में कलश यात्रा निकल कर पहुंचे सगरा तालाब





### अन्तर्राष्ट्रीय संत बच्चू महराज, हिमाद्री सिंह सांसद शहडोल, के व्दारा किया गया भूमिपूजन

उमरिया

जिले के ऐतिहासिक सगरा तालाब का भूमिपूजन आज अमोलेश्वर धाम के अंतराष्ट्रीय प्रसिद्ध संत बच्चू महराज जी के पावन सानिध्य एवं शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह , नगर पालिका परिषद पाली की अध्यक्ष सुश्री शकुंतला प्रधान जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री ज्ञानवती सिंह नगर पालिका परिषद नौरोजाबाद की अध्यक्ष श्रीमती कुशल सिंह,भाजपा के अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल , पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, पूर्व जिला अध्यक्ष मिथलेश मिश्रा,वरिष्ठ भाजपा नेता सरजू प्रसाद अग्रवाल, राजेन्द प्रसाद तिवारी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश पालीवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षद ऊषा कोल नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष राजेश पटेल पाली एसडीएम अम्बिकेश प्रताप सिंह, तहसीलदार डीलन सिंह पटवारी राजेश प्रजापति सहित पाली नगर परिषद के गणमान्य पार्षदों की उपस्थिति में सगरा तालाब का भव्य एवं ऐतिहासिक भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ ।विदित होवे कि पाली नगर का बहुप्रसिद्ध सगरा तालाब जो लंबे अरसे से दुर्दशा का शिकार हो गया था,जिसे जीणोद्धार की दरकार थी , जिसके जीणोद्धार और सौन्दर्यीकरण की बहु प्रतीक्षित मांग आज पूरी हो गई। बताया जाता है कि इस तालाब के जीर्णोद्धार और सौन्दर्यीकरण के काम को आगे बढ़ाने का काम नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष सुश्री शकुंतला प्रधान के अथक प्रयासों से पूरा हो गया । बताया जाता है कि सगरा तालाब के जीर्णोद्धार और सौन्दर्यीकरण के लिये साऊथ इस्ट कोल फील्ड्स लिमिटेड जोहिला क्षेत्र के सामुदायिक विकास निधि से 4.08 करोड़ रुपए लाने का काम सुश्री शकुंतला प्रधान ने किया है । इस निधि से सगरा तालाब का सौन्दर्यीकरण किया जायेगा । इस अवसर पर शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि नगर के गौरवशाली तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण की बहु प्रतीक्षित मांग की पूर्ति हुई है , इसमें नगरपालिका परिषद का प्रयास सराहनीय रहा है , इसका श्रेय नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुश्री शकुंतला प्रधान को जाता है जिन्होंने अथक प्रयास करके सी एस आर मद से सगरा तालाब के लिए धन राशि लाने का काम किया है । नगर पालिका परिषद पाली की अध्यक्ष सुश्री शकुंतला प्रधान ने इस अवसर पर कहा कि नगर का सगरा तालाब जो कि नगर के गौरव से जुड़ा हुआ है , इसके सौन्दर्यीकरण और जीणोद्धार की लगातार मांग उठती रही है , जिसके लिए पहले भी काफी प्रयास किए जाते रहे हैं ,नगर की इस महती जरूरत को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने इसके सौन्दर्यीकरण करने का संकल्प पारित किया गया था , जिसके लिए धन की बड़ी समस्या खड़ी थी, जिसके लिए एस ई सी एल के सी एस आर मद से धन राशि प्राप्त हुई है जिससे इस तालाब को सुंदर बनाने का काम किया जायेगा । इसके लिए आज भूमि पूजन कार्यक्रम सांसद हिमाद्री सिंह के हाथों से किया गया है ।आज का कार्यक्रम नगर मे अमिट छाप छोड़ गया। आज के कार्य क्रम का शुभारंभ गेस्ट हाउस पाली से डी जे,बैण्ड बाजा के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें नगर के सैकड़ों युवतियां और गणमान्य नागरिकों ने अपने सिर पर ज्योति कलश लेकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए सगरा तालाब स्थित हरिहर दरबार पहुंचा। इस कलश यात्रा में संत बच्चू महराज जी रथ पर सिंहासन आरूढ़ हो कर साथ चल रहे थे। हरिहर दरबार पहुंच कर पूजन आराधना करने के बाद संत शिरोमणि बच्चू महराज, एवं मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथियों के हाथों भूमिपूजन किया गया । भूमि पूजन के पश्चात हरिहर दरबार में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया था , जहां पर कार्यक्रम में पधारे नागरिकों, ने प्रसाद ग्रहण कर बिदा हो गये ।*भूमि पूजन कार्यक्रम में भंडारी सचिव की उपस्थिति*पाली नगर के सगरा तालाब के भूमिपूजन कार्यक्रम में ज्वाला धाम के पंडा भंडारी सिंह की मौजूदगी को लेकर नगर में चर्चा का विषय बना रहा । बताया जाता है कि भंडारी सिंह करकेली जनपद पंचायत के देवगवां खुर्द ग्राम पंचायत के सचिव पद पर पदस्थ हैं। यह एक ऐसे सचिव है जो कि कभी भी ग्राम पंचायत नही जाते और न ही पंचायत के मौलिक काम में इनकी कभी रूचि रहती है । उचेहरा ग्राम पंचायत में लगभग दो दशक पदस्थ रहकर करोड़ों रुपयों का गमन कर चुके हैं , जिनके दस्तावेज भी आज पंचायत से गायब है । बताया जाता है कि यह सचिव कम मढाधीश ज्यादा बन गये है ।काल नेमी का दुशाला ओढ़कर यह भंडारी सिंह ग्राम पंचायत और ज्वाला धाम दोनों जगह से अकूत धन संपत्ति अर्जित करने की होड़ में लगे हुए हैं ।यह सब कुछ उमरिया जिला प्रशासन के मौजूदगी में और नाक के नीचे सरेआम चल रहा है । लेकिन ऐसे काल नेमियो का भेद खोलने वाले प्रशासनिक अधिकारियों ने आंख बन्द कर सब कुछ देख रहे हैं । इनके विरुद्ध गंभीर शिकायत जिला प्रशासन को की गयी है , लेकिन कुंभकर्णी निंद्रा में लीन जिला प्रशासन के ऊपर ऐसे पाखंडियों ने मखमली दुशाला ओढ़ाकर गहरी नींद में सुला दिया है । देखना लाजिमी होगा कि ऐसे कब तक सचिव को बिना काम किए मुफ्त में वेतन भत्तों से भ्रष्ट सचिवों को जिला प्रशासन पालने -पोषने का काम करती रहेगी ।

### विधायक की कमी बनी चर्चा का विषय

भूमि पूजन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मानपुर क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक सुश्री मीना सिंह आज फिर कार्यक्रम में भाग नहीं ली ।नगर के गौरवशाली सगरा तालाब तालाब के भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक सुश्री मीना सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित रही , लेकिन हर बार की तरह इस बार भी कार्यक्रम में उपस्थित न होना चर्चा का विषय बना रहा ।इस कार्यक्रम में शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही, वही विधायक का न पहुंचने पर चर्चा स्वाभाविक हो गया था ,हर एक के जुबान से यह निकल रहा था कि अरे विधायक जी नहीं पहुंची । यद्यपि नगरपालिका परिषद पाली के व्दारा आंमत्रित कार्ड में सुश्री मीना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में नाम उल्लेखित है । कार्यक्रम स्थल में बड़े बड़े बैनरों में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आपका नाम, और तस्वीरें जगमगा रही थी । फिर भी उनका न पहुंचना लोगों की समझ से परे है

# गर्मी में लू, वायरल फीवर टायफाइड के मरीज बढ़े



**ब्यौहारी**-सिविल अस्पताल ब्यौहारी में इन दोनों लूं लगने, वायरल एवं टाइफाइड के मरीज बड़े हैं क्योंकि शादी विवाह का सीजन चल रहा है ईस सीजन में लोगों को अलग-अलग जगह का खाना एवं पानी के कारण टाइफाइड का बुखार हो रहा है इसके अलावा वायरल बुखार के साथ- लूं लग जाने के कारण कारण भी बुखार आने लगती है सिविल अस्पताल ब्यौहारी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर डी के पाराशर ने कहा कि इस समय यदि घर से निकलते हैं तो सर पर तौलिया बांधकर, निकलना चाहिए पानी पर्याप्त पीना चाहिए गर्मी के फलों का सेवन करना चाहिए यदि शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा बनी रहेगी तो लूं नहीं लगेगी डां पाराशर 1.30 बजे अकेले ही बैठकर मरीजों को देख रहे थे जबकि वह अपने समय सारणी के अनुसार अस्पताल में मरीजों को देखते हैं उनके ऊपर अक्सर यह आरोप लगाया जाता है की डॉक्टर पाराशर अस्पताल के बजाय अपने कमरे में बैठते हैं और ओपीडी टाइम में फीस लेते हैं मीडिया की सरप्राइज विजिट डां पराशर पर लगने वाले आरोप झूठे निकले वह अपनी ड्यूटी के अनुसार हास्पिटल में बैठकर मरीजों को देखते हैं ।

## राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड जून में प्रथम चरण की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड इस वर्ष जून माह में प्रथम चरण की परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के अनुत्तीर्ण छात्रों के लिये श्रूक जाना नहीं योजना में कक्षा 10वीं और 12वीं के साथ आ लौट चलें कक्षा 10वीं, 12वीं, ओपन स्कूल परम्परागत परीक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं, आईटीआई समकक्ष कक्षा 12वीं, सीबीएसई ऑन डिमांड कक्षा 12वीं की परीक्षा 2 जून से 2 पारियों में की जा रही हैं।

प्रथम पारी में समस्त 12वीं कक्षा की परीक्षा तथा द्वितीय पारी में समस्त 10वीं, 8वीं और 5वीं की परीक्षा आयोजित की जा रही हैं।

## खबर संक्षेप

### अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट क्रमांक 5 विद्युत उत्पादन के लिए होगा सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज, चचाई।** अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की इकाई क्रमांक 5 ने दिनांक 1.10.2024 से दिनांक 18 4.2025 तक लगातार 200 दिन विद्युत उत्पादन करते हुए उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रदर्शन किया है। इस दौरान इकाई ने 99.78 परसेंट पी ए एफ, 98.09 प्रतिशत पी एल एफ एवं 8.98% ऑक्सिलरी खपत कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के उपलक्ष में मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के निदेशक (वाणिज्य) मिलिंदभान्दक्कर ने हर्ष व्यक्त करते हुए ताप विद्युत गृह के अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। 660 मेगावाट इकाई के कार्यों का अवलोकन मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के निदेशक (वाणिज्य) मिलिंदभान्दक्कर ने विद्युत गृह चचाई के मुख्य अभियंता तनवीर अहमद, मुख्य अभियंता सिविल पी सी निवारे एवं मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता एस सी घोष के साथ चचाई में स्थापित होने वाली 660 मेगावाट क्षमता की सुपरक्रिटिकल इकाई के 33 केवी स्विच यार्ड 220 केवी एवं ई सी आर बिल्डिंग के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए अभियंताओं एवं ठेकेदारों को समय सीमा में कार्य पूरा करने हेतु निर्देशित किया।

### बजरंग दल की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई, 22 मवेशी भी बरामद

# कोतमा में पशु तस्करी का भंडाफोड़

### अवैध हथियार, गौमांस सहित दो गिरफ्तार, बुलडोजर कार्रवाई की मांग

**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर/कोतमा ।** जिले के कोतमा थाना क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक बड़ी कार्रवाई में दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया। बजरंग दल की सक्रिय सूचना पर गुरुकृपा ढाबा के पास पुलिस ने छापा मारते हुए आरोपियों के पास से अवैध पिस्टल, जिंदा कारतूस और फ्रिज में रखा हुआ गौमांस बरामद किया। मौके पर से 22 मवेशी भी जब्त किए गए। पुलिस द्वारा मौके पर ही मौका पंचनामा बनाकर कार्यवाही की गई, जबकि गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई जारी है। स्थानीय लोगों और हिन्दू संगठनों ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि यह मामला अत्यंत संवेदनशील था, बावजूद इसके थाना प्रभारी द्वारा FIR में कार्यवाही में समय क्यों लगाया जो पुलिस की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब रात 9 बजे कार्यवाही हुई तो उसे तत्काल क्यों नहीं दर्शाया गया? बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद ने स्पष्ट कहा कि गौमांस और मवेशियों की तस्करी करने वाले आरोपी बल्लू वाजिद जैसे लोगों पर एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम) के तहत मामला दर्ज किया जाए तथा उनके मकानों पर बुलडोजर चलाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन इस मामले में सख्त कदम नहीं उठाता, तो हिन्दू समाज सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। इस मामले मे स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन जैसे कई और भी आस्तीन के सांप हैं, जो समाज में दोस्ती का मुखौटा पहनकर ऐसे अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं। इनसे जिनकी नजदीकी है, जहां-जहां इनके संबंध हैं, उनकी गहन जांच होनी चाहिए। लोगों की मांग है कि केवल गिरफ्तारी नहीं, एक बड़ा नेटवर्क उजागर हो, जो गौतस्करी में लिप्त है।



#### यह था पशु तस्करी का मामला

रात को कोतमा नगरवासियों से सूचना मिली कि पशु तस्करों द्वारा पशु तस्करी किया जाना है सूचना पर मौके से नगरवासियों के साथ मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु पहुंचे तो तस्करो द्वारा पुलिस को देखकर भागने लगे, गुरूकृपा ढाबा के पास वाजिद खान के मकान में कुछ संदिग्ध व्यक्ति मिले नाम पता पूछने पर अपना नाम मुस्तहीफ खान पिता वकील खान उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम उमरपुर थाना बुढाना जिला मुज्फरनगर (उ.प्र.), से पूछताछ किया गया कि तो अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू पिता इखलाख उर्फ लाखू खान निवासी मुज्फरनगर, एवं वाजिद खान पिता इखलाख उर्फ लाखू खान निवासी मुजफ्फर नगर हाल कोतमा के लिये गये, मोहम्मद नसीम पिता समसुद्दीन निवासी सतना के साथ रहकर काम करना बताए। वाजिद खान के रहायसी मकान को चेक करने पर मकान के अंदर कच्चा मांस 02 किलो ग्राम एवं आलमारी में





एक अदद पिस्टल मय जिन्दा 01 कारतूस के साथ पाये जाने साथ ही कमरे के सामने एक काले कलर की पल्सर मोटर सायकल बिना नंबर, सफेद कलर सीफ्ट कार पाये जाने से मौके से उक्तारोपियों से जप्त किया गया।

#### पुलिस ने किया मामला दर्ज

आरोपियों का कृत्य धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत पाए जाने से आरोपी मुस्तहीफ खान, नसीम खान, वाजिद खान एवं बल्लू उर्फ अब्दुल रहमान खान के खिलाफ अपराध क्र. 174/25 कायम कर कुल मशरूका 6,60,500 रूपये का जप्त किया गया है साथ ही गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने पर आरोपियों की निशानदेही में ग्राम बसखली खेत से 21 नग भैसा बिना चारा भूसा पानी के नायलोन की रस्सियों में क्रूरता पूर्वक बल्लू खान, वाजिद खान के लोगों के द्वारा बांधना बताने पर मौके से मवेशी 21 नग कीमती 5,25000 रूपया जप्त कर आरोपी मुस्तहीफ खान, नसीम खान, वाजिद खान एवं बल्लू खान के विरुद्ध अप.क्र.175/25धारा 11 घ,ड.च पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधि. एवं 6 (क), 10 म. प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधि. के तहत कायम कर विवेचना में लिया गया।

#### इनकी रही भूमिका

पुलिस अधीक्षक मोतीउर्र रहमान के मार्गदर्शन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एस.डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में थाना कोतमा पुलिस द्वारा आरोपी मुस्तहीफ खान, नसीम खान से उपरोक्त मशरूका कुल कीमती 11.85500 रूपये का जप्त कर आरोपी जिले से बाहर एवं दूसरे राज्य का होने से गिरफ्तार कर फरार आरोपी अब्दुल रहमान वाजिद खान एवं अन्य आरोपियों की तलाश जारी है, साथ ही अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू एवं वाजिद खान पूर्व से पशु तस्करी के मामले में संलिप्त रहे हैं उक्त दोनों के खिलाफ रिकॉर्ड के आधार पर जिला बदर की कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. सुन्द्रेश सिंह, सउनि बृजेश कुमार पाण्डेय, प्रधान आरक्षक विवेक त्रिपाठी, संजीव त्रिपाठी, आरक्षक संजय द्विवेदी, धर्मेन्द्र जाटव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

#### इनका कहना है

हमें गुप्त सूचना मिली थी, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद सामान में पिस्टल, कारतूस और मांस शामिल है। आगे की जांच जारी है।

**सुंदरेश मरावी**
**थाना प्रभारी कोतमा**

# एक ओर जल गंगा अभियान दूसरी ओर सार्वजनिक तालाब पर कब्जा



### कलेक्टर के आदेश के बाद भी भू माफिया ने किया तालाब पर कब्जा 5 घंटे हंगामे के बाद चला बुलडोजर

**कोतमा हरिभूमि न्यूज ।** एक ओर प्रशासन द्वारा जल गंगा अभियान चलाकर जल स्त्रोतों को संरक्षित एवं बचाव कर जागरूकता फैला रही है वहीं नगर में बेखौफ हो चुके भू माफियाओं के द्वारा गिरोह बनाकर वर्षों से उपयोग हो रहे हैं सार्वजनिक तालाब व जल स्त्रोतों को अतिक्रमण करने पर आमादा है। नगर के वार्ड 4 मवेशी बाजार तालाब पर अरुण तिवारी द्वारा बिना अनुमति तालाब को पाटते हुए अवैध कब्जा कर रहा था। तालाब पाटने एवं बिना अनुमति निर्माण करने पर गुरुवार को तहसीलदार ईश्वर प्रधान के नेतृत्व में सीएमओ प्रदीप झरिया एवं पुलिस बल की सयुक्त टीम द्वारा बुलडोजर चलाते हुए कब्जा मुक्त कर धराशाई कर दिया गया। बताया जाता है कि कुछ दिनों पूर्व भी अवैध कब्जा करने पर जिला प्रशासन के निर्देश पर राजस्व एवं नपा टीम कब्जे को तोड़ते हुए नोटिस दी गई थी। नोटिस एवं बिना अनुमति के बाद भी अरुण तिवारी पिता जगदीश तिवारी निवासी विचारपुर द्वारा बाउंड्री बाल बनाकर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा था। नगर पालिका अधिकारी, कर्मचारी एवं तहसीलदार व पटवारी सहित पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 5 घंटे के बवाल एवं शासकीय कार्य में बाधा के बाद बड़ी मशक्कत के बाद अतिक्रमण मुक्त किया गया। बताया जाता है कि पिछले कुछ माह से मवेशी बाजार सार्वजनिक तालाब के मेढ़ पर लगातार कब्जा करते हुए तालाब को मिट्टी से पाटे जाने का खेल चल रहा है। जिसमें राजस्व विभाग की उदासीनता पर प्रश्न चिन्ह नागरिकों के द्वारा खड़ा किया जा रहा था। राजस्व विभाग के साठगांठ के कारण मवेशी बाजार सार्वजनिक तालाब के मेड़ पर कुछ लोगों द्वारा आलीशान मकान निर्मित कर लिया गया है। तालाब को षडयंत्र पूर्वक मिट्टी डालकर पाटने का सिलसिला जारी है। तालाब के मेढ़ पर अवैध रूप से मकान का निर्माण कर सार्वजनिक तालाब जिसमें आम लोग दैनिक निस्तार करते हैं एवं पशु, पक्षियों द्वारा पेयजल की पूर्ति की जाती है जिसको पूरी तरह से अतिक्रमणकारियों द्वारा कब्जा करने पर आमादा है। अतिक्रमणकारियों द्वारा प्रशासन की टीम के साथ अभद्रता करते हुए शासकीय कार्य में बाधा भी पहुंचाई गई। कई घंटे बवाल के बाद आखिरकार सार्वजनिक तालाब को अतिक्रमण मुक्त किया गया है।

#### इनका कहना

जल स्त्रोत एवं तालाबों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। बिना अनुमति निर्माण पर अतिक्रमण मुक्त कार्यवाही की गई।

**ईश्वर प्रधान**
**तहसीलदार कोतमा**

# जिले में पाकिस्तानी घुसपैठियों को चिन्हित करने में बरती जा रही है लापरवाही

### घुसपैठियों की धरपकड़ के लिए अभी तक जारी नहीं हुआ कोई आदेश

**अनूपपुर हरिभूमि न्यूज।** 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जहां देशभर में आक्रोश है तो वहीं भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ कई प्रतिबंध लगाते हुए भारत से सभी पाकिस्तान नागरिकों को देश छोड़ने की समय सीमा निर्धारित की गई भारत सरकार द्वारा पाकिस्तानी घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने की मुहिम चलाने की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन को सौप गई है जिसके परिणाम स्वरूप मध्य प्रदेश के अंदर कई जिलों में पाकिस्तानी घुसपैठियों को खोज खोज कर उन्हें देश से बाहर निकलने का कार्य भी किया जा रहा है लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि अनूपपुर जिले में अभी तक पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के किसी भी थाना क्षेत्र में पाकिस्तानी घुसपैठियों की पतासाजी करने के लिए भी कोई आदेश नहीं जारी किया गया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने कहा कि आतंकी घटना घटित होने के बाद और सरकार द्वारा पाकिस्तान नागरिकों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर करने की जिम्मेदारी पुलिस विभाग को कई दिन पहले दी गई है लेकिन अभी तक अनूपपुर जिले की पुलिस आंख बंद किए हुए हाथ पैर हाथ धरे बैठी हुई नजर आ रही है।

#### संवेदनशील जिला के बाद भी लापरवाही

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने कहा कि अनूपपुर जिला एक संवेदनशील जिला है इस जिले से छत्तीसगढ़ की सीमा भी लगती है और छत्तीसगढ़ जहां नक्सल प्रभावित है तो वही अनूपपुर जिला भी संवेदनशील माना जाता है और यहां पर तमाम तरह की गतिविधियां संचालित होने से इनकार नहीं किया जा सकता इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में पाकिस्तानी घुसपैठियों के लिए सबसे सुरक्षित स्थान माना जा रहा है अमरकंटक यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के नाम पर जम्मू कश्मीर से आए हुए तमाम छात्र एवं कोयलांचल क्षेत्र के खाली पड़े कालारी आवासों तथा जिले के विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर पाकिस्तानियों की खोजबीन होनी चाहिए लेकिन अनूपपुर पुलिस अभी इस दिशा में कोई भी पहल करती नजर नहीं आ रही है।

#### सरकार के आदेश के बाद भी नहीं हुआ कोई निर्देश

श्री सिंह ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा पाकिस्तानी घुसपैठियों को देश से बाहर निकलने का आदेश जारी किए जाने के कई दिन बीत जाने के बाद भी अनूपपुर जिले के पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के अंदर ऐसी कोई मुहिम अभी तक नहीं



चलाई गई जिससे कि पाकिस्तानी घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित हो सके इस गंभीर मामले को लेकर किसी भी थाना प्रभारी को कोई भी आदेश अभी तक वरिष्ठ अधिकारियों से दिया ही नहीं गया ऐसी स्थिति में पुलिस विभाग के अधिकारियों पर सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर पाकिस्तानी घुसपैठियों को चिन्हित करने में हमारे जिले का पुलिस महकमा पीछे क्यों। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग किया है कि अति शीघ्र अभियान चलाकर पाकिस्तानी घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर भेजने की प्रक्रिया को पूरा करने में अपनी अहम भूमिका अदा करें।

### भगवान आदि शंकराचार्य जी की जयंती पर पूजन अर्चन आरती कर भोग लगाया गया

#### संध्याकाल भव्य प्रतिमा के साथ विशाल शोभा यात्रा जुलूस निकला

**हरिभूमि न्यूज, अमरकंटक ।** पवित्र नगरी अमरकंटक में वैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी 2 मई 25 दिन शुक्रवार को संध्या काल 4: बजे स्थानीय गीता स्वाध्याय मंदिर से भगवान आदि शंकराचार्य जी की पावन जयंती के शुभ अवसर पर विशाल भव्य शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से निकाली गई भगवान आदि शंकराचार्य जी का छायाचित्र लगा वाहन भव्य एवं आकर्षक स्वरूप के सुसज्जित वाहन प्रतिष्ठित आदि शंकराचार्य पूजन अर्चन भजन गाते हुए संत मंडल चलते रहे शोभा यात्रा नाका चौराहा तक जाकर वापस गीता स्वाध्याय मंदिर में समाप्त हुई। भगवान आदि शंकराचार्य जी के पावन जन्मोत्सव के



अवसर पर गीता स्वाध्याय मंदिर में प्रातः काल पूजन अर्चन किया गया भोग प्रसाद लगाया गया तथा भोजन भंडारा भंडारा प्रसादी साधु-संतो आचार्य ब्राह्मण को कराया गया। भगवान आदि शंकराचार्य जी का आयोजन हिंदू धर्म को देश भर में पुनर्जीवित करने उनके ज्ञान दर्शन आध्यात्मिकता के योगदान के तारतम्य जन्मोत्सव मनाया गया। आदि शंकराचार्य के पावन जयंती के कार्यक्रम में तथा शोभायात्रा में संत मंडल के अध्यक्ष राम भूषण दास जी महाराज शांतिकुंटी आश्रम गीता स्वाध्याय मंदिर के संत नर्मदानंद महाराज लवलीन महाराज धारकुंडी आश्रम तुरीय आश्रम के महेश चैतन्य कल्याण सेवा आश्रम से कोठारी बाबा रामप्रसाद मार्कंडेय आश्रम से रामनरेश शास्त्री मृत्युंजय आश्रम के योगेश दुबे माई की बगिया के संत भोला गिरी नर्मदा मंदिर पुजारी धनेश द्विवेदी वंदे महाराज रोहित लाल त्रिपाठी पत्रकार श्रवण उपाध्याय धनंजय तिवारी आदि आदि सभी सम्मिलित रहे। शोभा यात्रा के दौरान मृत्युंजय आश्रम के सामने तथा शांति कुटी आश्रम के सम्मुख आदि शंकराचार्य का विधिवत पूजन अर्चन आरती की गई। इस दौरान स्थानीय पुलिस थाना की ओर से सुरक्षा व्यवस्था हेतु उप निरीक्षक पी एस बघेल, सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव तथा परशराम धनंजय प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक गण चाक चौबंद व्यवस्था हेतु तैनात रहे।

### पुलिस ने जप्त किया अवैध शराब

**अनूपपुर हरिभूमि न्यूज।** 03 मई को विश्वश्नीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी की एक सफेद रंग की बोलेरो जीप MP-36-C-3101 में राजेन्द्रग्राम तरफ से अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु परिवहन करते हुये लीला होते हुये बेनीबारी तरफ लेकर आ रहा है कि सूचना पर तत्काल थाना ईचार्ज उपनिरी मंगला प्रसाद दुबे, सउनि मुनीन्द्र गवले, सउनि धनेश्वर पटेल, प्र.आऱ. राजेन्द्र पडवार एवं प्र.आर. विजय व्दिवेदी चा.आर. विक्रम के द्वारा कडी मेहनत व लगन से घेराबंदी कर एक सफेद रंग की बोलेरो क्रमांक MP-36-C-3101 में अवैध रूप से परिवहन कर विक्रय करने जा रहे आरोपीगण 1.शिवम सिंह पिता रविन्द्र सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी बडा पुरा थाना महुआ जिला मुरैना हाल राजेन्द्रग्राम 2.कुंज बिहारी पिता रामदरश जायसवाल उम्र 33 वर्ष निवासी गुप्तेश्वर सेठी नगर पानी टंकी के पास थाना गोरखपुर जिला जबलपुर से बोलेरो वाहन में रखे अवेध अग्रेजी एवं देशी मदिरा शराब दस पेटी पावर बियर 1000 कीमती 31200/रूपये , दो पेटी किंग फिसर 650 एमएल (प्रत्येक) कीमती 6480/रूपये, चार पेटी देशी प्लेन मदिरा 180 एमएल (प्रत्येक) कीमती 12000/रूपये, तीन पेटी जिनियस शराब 180 एमएल (प्रत्येक) कीमती 18750/रूपये, ब्लूचिप 91 नग 180 एमएल (प्रत्येक) कीमती 11375/रूपये, एक पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कीमती 6250/रूपये, देशी प्लेन मसाला 43 नग 180 एमएल (प्रत्येक) का कीमती 3440/रूपये कुल जप्ती शराब 231 लीटर कुल कीमती 89,495/रूपये एवं जप्ती एक महिद्रा बोलेरो सफेद रंग का क्रमांक MP-36-C-3101 कीमती 5 लाख रूपये तथा कुल कीमती 5,89,495/रूपये का आरोपीगणो पर आबकारी एक्ट के अन्तर्गत पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध किया गया है ।

### संगठनात्मक मजबूती और पत्रकार हित पर हुई चर्चा, नए सदस्यों ने परिषद् की ली सदस्यता

**अनूपपुर हरिभूमि न्यूज।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद् अनूपपुर के ब्लॉक कोतमा की बैठक 3 मई शनिवार को होटल शांति कोतमा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष शहडोल चैतन्य मिश्रा द्वारा की गई। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी द्वारा तीन नये सदस्यों को परिषद् में सदस्यता दिलाई। बैठक में संगठनात्मक कार्यो को गति देने एवं एकजुटता रखने की दिशा में यह बैठक मील का पत्थर साबित हुई। बैठक में जिले, ब्लॉक एवं ग्रामीण के पत्रकारों की समस्याओं, उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं सामाजिक सम्मान सें संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान जिलाध्यक्षअमित शुक्ला ने कहा कि पत्रकारिता आज प्रतिस्पर्धा के दौर से गुजर रही है, ऐसे में सभी साथियों को एकजुट रहकर कार्य करना चाहियें। संगठन एक ऐसी ताकत है जो हर पत्रकार के अधिकार की रक्षा करता है। इसके साथ ही आगामी 24 मई को आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में विस्तार से बताया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष कोतमा अभिषेक द्विवेदी ब्लॉक इकाई कोतमा की बैठक का उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती और पत्रकार हितों एवं उनकी सुरक्षा एवं परिषद् को मजबूत करने संबंधी बाते कही गई। संभागीय कोषाध्यक्ष पुनीत सेन ने परिषद् के पत्रकारों पर आकास्मिक दुर्घटना वा उनके बीमारी के समय स्वेच्छानुसार उनकी आर्थिक मदद करने के लिए सभी साथी को तैयार रहकर मदद के लिये आगे आने, जिला प्रवक्ता भगवान दास मिश्रा एवं जिला संगठन मंत्री संतोष मिश्रा ने अधिमान्यता को और भी सरलीकरण किये जाने हेतु आगामी दिनों में दिये जाने वाले ज्ञापन में उक्त बिन्दुओं को जोड़ने, संभागीय संरक्षण मंडल के अध्यक्ष कैलाश पांडेय ने पत्रकारों को सत्यमेव जयते पुरूस्कार कार्यक्रम का आयोजन कर पत्रकारो को सम्मानित किये जाने संबंधी बाते रखी गई।बैठक के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष कोतमा अभिषेक द्विवेदी ने तीन पत्रकारों मोहम्मद जावेद हुसैन उर्फ गजल बिजुरी, दिनेश केवट एवं नरेन्द्र मिश्रा को परिषद् की सदस्यता दिलाते हुए उन्हे अपनी ब्लॉक की कार्यकारणी में प्रमुख रूप से स्थान देते हुए घोषणा की गई। जिसमें मोहम्मद जावेद हुसैन उर्फ गजल एवं नरेन्द्र मिश्रा को कोतमा ब्लॉक उपाध्यक्ष एवं दिनेश केवट को सचिव निर्वाचित किया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभागीय प्रभारी राजेश शुक्ला, संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा, शहडोल और संभागीय संरक्षक मंडल अध्यक्ष कैलाश पांडेय, संरक्षण मंडल के महासचिव अरूण ओटवानी, संभागीय कोषाध्यक्ष पुनीत सेन, संभागीय, संभागीय सचिव श्याम तिवारी ,अनूपपुर संरक्षक मंडल के अध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, परिषद के जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, जिला प्रवक्ता भगवान दास मिश्रा, जिला संगठन मंत्री संतोष मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष द्विवेदी,उपाध्यक्ष रमाकांत शुक्ला, संदीप द्विवेदी, जिला सचिव चंदन केवट, जिला कार्यालय मंत्री बृजेश राठौर कोतमा ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी, ब्लॉक उपाध्यक्ष मोहम्मद जावेद हुसैन उर्फ गजल एवं नरेन्द्र मिश्रा एवं ब्लॉक सचिव दिनेश केवट, ब्लॉक सचिव,अनूपपुर ब्लॉक अध्यक्ष दिगंबर शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष अनूपपुर अमित तिवारी, , ब्लॉक सचिव निगमदास चौधरी, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, प्रकाश तिवारी(मोंटी), सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रबंधन गुपचुप तरीके से बंद कर रहा भदरा डिस्पेंसरी

**जमुना/बदरा हरिभूमि न्यूज।** एचएमएस के एरिया अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने बताया कि संगठन को मिली जानकारी के अनुसार भदरा डिस्पेंसरी को बंद करने के नियत से डिस्पेंसरी का सामान उपकरण कोतमा कोलियरी हॉस्पिटल में शिफ्ट किया जा रहा है शुक्ल ने महाप्रबंधक जमुना कोतमा क्षेत्र को लिखे पत्र में बताया कि अभी भी श्रमिक नगर, बीमा ग्राम में कर्मचारी निवाशरत ओर आवश्यकता के हिसाब से ट्रीटमेंट भी भदरा डिस्पेंसरी में लेते है। लेकिन बड़े खेद के साथ आपको अवगत कराया जा रहा है कि जेसीसी के बगैर सहमति के डिस्पेंसरी बंद करने का निर्णय ले लिया गया है। शुक्ल ने महाप्रबंधक को बताया कि संगठन यह जानना चाहता है कि यह निर्णय किसके द्वारा लिया गया जो अति निंदनीय है इस क्षेत्र में लगभग 4500 आवास है जो पूरी तरह से भरे हुए है यदि कोई कर्मचारी को आवास लेना हो तो मिलना मुश्किल है जबकि कर्मचारियों की संख्या मात्र 1900 के आसपास है कुल मिलाकर संगठन की मांग है कि भदरा डिस्पेंसरी का जो भी सामान शिफ्ट किया गया है। उसे पुनः भदरा डिस्पेंसरी में वापस कर पूर्व की भाती संचालन किया जाए ताकि कामगारों को इलाज मिलता रहे ऐसा नहीं होने की दशा में संगठन मजबूरन महा प्रबंधक कार्यालय का अनिश्चित कालीन घेराव करने को बाध्य होगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रबंधन तंत्र एवं डिस्पेंसरी बंद करने का निर्णय जिसके द्वारा लिया गया है।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बद्री प्रसाद चंद्रवंषी निवासी वार्ड नंबर 3 सल्हरो उमनिया तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश द्वारा बजाज फायनेंस लिमिटेड से मोटरयान लोन मे लिया गया था जिसका वाहन क्रमांक एमपी 65 आर 0860 है। जिसका रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर बजाज फायनेंस लिमिटेड के नाम से होना है, अतः जिस भी व्यक्ति को आपत्ति दर्ज करानी हो वह सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर जिला परिवहन कार्यालय अनूपपुर मे उपस्थित होकर दर्ज कराये, उपस्थित न होने की स्थिति मे एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

